<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

दिनांकः- 19.08.2014

यातायात पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान ‘‘यातायात शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम’’ के अन्तर्गत दिनांक 19.08.2014 को श्री के.के.ए. मोर्डन सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, जोधपुर के लगभग 300 विद्यार्थियों को श्री हनुमानसिंह कानि. 1201 द्वारा यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी।

व्याख्यान में भारत में प्रतिवर्ष होने वाली सड़क दुर्घटनाएं, स्थाई विकलांगताएं एवं दुर्घटना में होने वाली मौतो के आंकड़े बताने के साथ इन दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु उपाय, सुझाव बताये एवं यातायात शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने हेतु सभी विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत यातायात नियमों की पालना करने का संकल्प दिलाया। एक विद्यार्थी का जीवन अपने परिवार, समाज व देश के लिये कितना महत्वपुर्ण है जिसकी विस्तार से समझाईश की। व्याख्यान में पैदल यात्री, साईकिल चालक, दुपहिया वाहन चालक तथा चार पहिया वाहन चालकों के कर्तव्य, सड़क शिष्टाचार व यातायात नियमों की शत-प्रतिशत पालना करने की जानकारी दी।

बालवाहिनी योजना सम्बन्धी जानकारी दी तथा बालवाहिनियों को यातायात नियमों की पूर्ण पालना करवाने हेतु विद्यालय के यातायात वार्डन की पूर्ण जिम्मेदारी बताई। तथा समय-समय पर विद्यालय में अभिभावकों की मिटिंग के दौरान प्रधानाचार्य द्वारा अभिभावकों को अपने बच्चों को यातायात नियमों की पूर्ण पालना करवाने हेतु जिम्मेदारी सौपी। विद्यालय के विद्यार्थियों को यातायात नियमों पैम्पलेट व पोस्टर वितरित किये एवं प्रधानाचार्य को यातायात चिन्ह भाषा की पुस्तक प्रदान की। यातायात शिक्षा के साथ-साथ ‘‘ जीवन बचाओ अभियान’’ (सड़क दुर्घटना के दौरान की जाने वाली त्वरित कार्यवाही) एवं नशा मुक्ति अभियान विशेषकर समाज में फैल रहे ‘‘ स्मैक’’ नशे के दुष्परिणाम तथा इसे रोकने संबंधी सुझाव बताये।

आयोजित कार्यक्रम के सम्बन्ध में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विष्णुदत्त दवे एवं डॉलफिन ग्रुप ऑफ स्कूल जयपुर से सिटी हेड श्रीमती जीतिकासिंह ने यातायात पुलिस के इस प्रेरणादायक जागरूकता कार्यक्रम की प्रशंसा के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया।

ओर से
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर